Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:21 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:18 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 236 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 17 मार्च 2025

धोनी के फिल्म में नजर आने की...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### ट्रेन की चपेट में आये युवक की मौत

**रुद्रपुर।** ट्रेन की चपेट में आये युवक की मृत्यु हो गयी। उसके कटे हाथ पर लिखे नाम से उसकी शिनाख्त हो पाई। पुलिस ने क्षत विक्षत शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार सुबह पुलिस को हल्द्वानी मार्ग पर रेल पटरी के पास क्षत विक्षत शव पड़ा होने की सूचना मिली। सूचना पर एसआई राजेन्द्र पंत फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने क्षत विक्षत शव को एकत्र किया तो उसका हाथ गायब था। आशंका जताई जा रही है कि रात में मृतक किसी ट्रेन की चपेट में आ गया होगा। पुलिस ने पटरी के आगे जांच प्रारम्भ कर हाथ की खोजबीन की तो लगभग एक किमी आगे कटा हुआ हाथ मिल गया। पुलिस ने शव को सीएचसी किच्छा भेज दिया। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने पर आस पास के लोग वहां पहुंचे तो मृतक की शिनाख्त अनिल आयु 40 वर्ष पुत्र रामकिशोर निवासी आदर्श नगर बंडिया किच्छा के रूप में की। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर जानकारी जुटाने में लगी है। कौन सी ट्रेन से हादसा हुआ, इसकी पुलिस जांच कर रही है।

### आज भी पर्वतीय जिलों में बारिश के आसार



**देहरादून।** मौसम विभाग की ओर से आज प्रदेश के पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश के आसार बताए गए हैं, वहीं कल से तेजी से मौसम का मिजाज बदलेगा। प्रदेश के पर्वतीय जिलों में आज (सोमवार को) भी हल्की बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना है। हालांकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। आने वाले दिनों की बात करें 17 मार्च के बाद से प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 17 मार्च के बाद मौसम साफ होने से मैदान से पहाड़ तक तापमान में इजाफा देखने को मिलेगा।

# फोरलेन की जद में आ रहे पेड़ों को बचाने को पेड़ों से चिपक गईं महिलाएं

ऋषिकेश

हमारे संवाददाता

ऋषिकेश से भानियावाला के बीच सड़क को फोरलेन किया जाना है। करीब 21 किमी के दायरे में 600 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण कार्य किया जाना है। चौड़ीकरण के दौरान करीब 3300 पेड़ भी कटान की जद में हैं।

भानियावाला–ऋषिकेश मार्ग चौड़ीकरण के नाम पर करीब 3300 पेड़ों को काटने के विरोध में दो-दो पद्मश्री, लोकगायिका समेत बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी सड़क पर उतर गए। पेड़ों से चिपक कर महिलाओं ने उनके रक्षा का संकल्प लिया और चिपको आंदोलन 2.0 शुरू करने का एलान किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। ऋषिकेश से भानियावाला के बीच सड़क को फोरलेन किया जाना है। करीब 21 किमी के दायरे में 600 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण कार्य किया जाना है। चौड़ीकरण के दौरान करीब 3300 पेड़ भी कटान की जद में हैं। जिनका इन दिनों छंटाई कार्य चल रहा है। इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों के कटान की जद में आने पर पर्यावरणविदों व लोगों ने कड़ा आक्रोश जताया है। रविवार को विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग सात मोड़ क्षेत्र में एकत्र हुए।



पर्यावरणविदों का कहना था कि पिछले कुछ दशकों में, देहरादून और उसके आसपास के क्षेत्रों में पर्यावरणीय असंतुलन तेजी से बढ़ा है। बढ़ते तापमान, घटते भूजल स्तर और खराब होती वायु गुणवत्ता लोगों के स्वास्थ्य और जीवन पर गंभीर प्रभाव डाल रहे हैं। इन गंभीर संकेतों के बावजूद, बिना किसी दीर्घकालिक पर्यावरणीय योजना के बड़े-बड़े विकास परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। उत्तराखंड के लोग लंबे समय से वनों की अंधाधुंध कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के विनाश का विरोध कर रहे हैं। लेकिन इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने सातमोड़ क्षेत्र में पेड़ों को रक्षा सूत्र बांध कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। कहा कि यह चिपको आंदोलन 2.0 का आगाज है। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से पद्मश्री डॉ. माधुरी बर्तवाल, पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, लोकगायिका कमला देवी, इरा चौहान, अनूप नौटियाल, सूरज सिंह नेगी, नितिन मलेथा, इंद्रेश मैखुरी आदि मौजूद रहे।

धामी कैबिनेट में फेरबदल जल्द

# अग्रवाल के इस्तीफे के बाद पांच कुर्सियां खाली

देहरादून

हमारे संवाददाता

क्षेत्रवाद को लेकर दिए बयान पर विवाद गहराने के बाद पार्टी के भीतर ही प्रेमचंद अग्रवाल की कैबिनेट से विदाई की चर्चाएं जोरों पर थीं। वहीं, अब तेज हुई राजनीतिक हलचल के बीच कैबिनेट में नए मंत्री बनाए जाने और एक और मंत्री को बदले जाने की अटकलें भी तेज हो गई हैं।

कैबिनेट मंत्री के पद से प्रेमचंद अग्रवाल के इस्तीफा देने के साथ ही धामी कैबिनेट में फेरबदल की जल्द संभावनाएं बन गई हैं। इस्तीफा प्राप्त होने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे राज्यपाल को भेज दिया है। माना जा रहा है कि इस संबंध में केंद्रीय नेतृत्व से मार्गदर्शन लेने सोमवार को मुख्यमंत्री दिल्ली जा सकते हैं। तेज हुई राजनीतिक हलचल के बीच कैबिनेट में नए मंत्री बनाए जाने और एक और मंत्री को बदले जाने की अटकलें भी तेज हो गई हैं। 23 मार्च को धामी सरकार का तीन साल कार्यकाल पूरा हो रहा है। सूत्र इससे पहले कैबिनेट बदलाव की संभावना जता रहे हैं। धामी कैबिनेट में चार नए चेहरों को जगह मिल सकती है।



दरअसल, क्षेत्रवाद को लेकर दिए बयान पर विवाद गहराने के बाद पार्टी के भीतर ही प्रेमचंद अग्रवाल की कैबिनेट से विदाई की चर्चाएं जोरों पर थीं। हालांकि उनके बयान को लेकर पाटी प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और स्वयं अग्रवाल ने डेमेज कंट्रोल की काफी कोशिश की, लेकिन पार्टी के भीतर से ही उनके बयान पर तीखी प्रतिक्रियाओं ने विवाद को और हवा दे दी।

प्रदेश नेतृत्व ने अग्रवाल को तलब कर उन्हें विवादित बयानबाजी से बचने की नसीहत दी थी और रिपोर्ट केंद्रीय नेतृत्व को भेज दी थी। बाद में पार्टी ने मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष से भी इस बारे में फीडबैक लिया। पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की ओर से बयान पर जन प्रतिक्रियाओं और उसके राजनीतिक नफा नुकसान का आकलन करने के बाद मंत्री अग्रवाल को होली के बाद इस्तीफा देने के लिए इशारा कर दिया गया था, ताकि वह कैबिनेट से सम्मानजनक ढंग से विदा हो जाएं।

तीन साल से कम कार्यकाल में धामी कैबिनेट में दो और कुर्सियां खाली हो चुकी हैं। सरकार गठन के दिन से ही तीन कुर्सियां खाली रखी गई थीं। कैबिनेट मंत्री रहे चंदन राम दास के निधन के बाद एक कुर्सी खाली चल रही थी। अग्रवाल का इस्तीफा स्वीकार होने के बाद खाली कुर्सियों की संख्या पांच हो जाएगी।

# होली के दिन युवक की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में सनसनी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**घटना**
- चार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज
- गिरफ्तारी को पुलिस की कार्रवाई शुरु

होली के दिन कुछ लोगों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद हत्यारोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार शाम को पुलिस को सूचना मिली कि गूलरभोज क्षेत्र डलपुरा नहर के पास एक युवक को गोली मार दी है। सूचना पर थाना गदरपुर से पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक घायल युवक को जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया ? थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि मृतक का नाम 26 गुरदीप सिंह पुत्र स्व दलजीत सिंह निवासी ग्राम बैरिया दौलत केलाखेड़ा है। मौके पर एसआई मुकेश मिश्रा को भेजा गया और पुलिस ने शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेजा है। उन्होंने बताया कि मृतक के भाई गुरदित्त सिंह ने तहरीर दी। तहरीर में कहा गया कि उसके भाई गुरदीप सिंह के साथ उक्त लोगों ने एक राय होकर विवाद करना और हर्षित बोरा ने तमंचे से गोली भाई के सीने में मार दी। भाई को शहर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां से चिकित्सकों ने भाई को रेफर कर दिया। बताया कि भाई को सरकारी अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया ? थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर हर्षित बोहरा पुत्र राजेश, रविन्द्र उर्फ बिल्ली पुत्र सुभाष कुमार, सौरभ बाबा पुत्र रोशन निवासी बैरिया दौलत केलाखेड़ा तथा गगन पुत्र सुखदेव सिंह निवासी वांसखेडी केलाखेड़ा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। जांच शुरू कर दी।



# ज्योतिर्मठ से मारवाड़ी जा रही कार खाई में गिरी, चार घायल, एक की हालत गंभीर

देहरादून

हमारे संवाददाता

**हादसा**
- कार अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर नीचे खाई में जा गिरी

एक आल्टो कार ज्योतिर्मठ से मारवाड़ी की ओर जा रही थी। गौरंग के समीप कार अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गौरंग गांव के समीप एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। जिसमें चालक समेत चार लोग घायल हो गए, एक की हालत गंभीर है। उसे सीएचसी ज्योतिर्मठ में भर्ती कराया गया है। ज्योतिर्मठ पुलिस थाना प्रभारी राकेश भट्ट ने बताया कि रविवार को देर शाम करीब सात बजे एक आल्टो कार ज्योतिर्मठ से मारवाड़ी की ओर जा रही थी। गौरंग के समीप कार अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर नीचे खाई में जा गिरी। जिसमें सवार फूलचंद कश्यप गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार में सवार राहुल (चालक), कुलदीप सिंह, चाई ज्योतिर्मठ निवासी तथा समीर छत्तीसगढ़ निवासी घायल हो गए। कार दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को रेस्क्यू कर खाई से निकाला गया। इसके बाद उन्हें सीएचसी ज्योतिर्मठ में भर्ती कराया गया है।

# घटना: दो शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अलग-अलग स्थानों पर दो शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। इनमें से एक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है, जबकि दूसरे शव की पहचान हो गई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पहली घटना मछली बाजार स्थित गांधी नगर नाले की है, जहां आज सुबह एक युवक का शव बरामद हुआ। शव की स्थिति को देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह काफी पुराना हो सकता है। मृतक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नाले को घेरकर जांच शुरू की। सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है और पुलिस शिनाख्त के प्रयास में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। दूसरी घटना रेलवे स्टेशन के पास इदरीस बिल्डिंग के सामने हुई, जहां आज सुबह एक युवक संदिग्ध हालत में मृत पाया गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने उसे बेस अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सूरज, निवासी बेरिपडाव, लालकुआं के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सूरज नशे का आदी था और उसे पीलिया और निमोनिया जैसी गंभीर समस्याएं भी थीं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। पुलिस युवक के परिजनों से संपर्क कर रही है, और मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही होगा।



### मृतक के शरीर पर चोट के निशान

हल्द्वानी में नाले में युवक का शव मिलने का मामला कई सवालों को खड़ा कर रहा है। जिस स्थान पर युवक का शव मिला है,वहां गिरने की संभावना ना के बराबर है। साथ ही मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं। इससे हत्या की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में यह संभावना जताई जा रही है कि युवक की हत्या कहीं और कर शव नाले में तो नहीं फेंका गया है।

# चोरियों के खुलासे को लेकर चौकी का किया घेराव

किच्छा

हमारे संवाददाता



कोतवाली की लालपुर चौकी क्षेत्र देवरिया चुकुटी वार्ड नंबर एक में चोरों ने मचाए गए तांडव से नाराज लोगों ने लालपुर चौकी का घेराव कर चोरियों के खुलासे की मांग की।

इस दौरान पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। देवरिया के निवर्तमान सभासद रणजीत सिंह नगरकोटी के नेतृत्व में लोगों ने देवरिया स्थित हनुमान मंदिर पर एक बैठक की। पुलिस के तमाम स्थानीय अधिकारियों को भी बुलाया गया था किंतु नागरिकों की बैठक में पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के न पहुंचने पर लोगों ने एकत्रित होकर लालपुर चौकी की ओर कूच कर दिया। ग्रामीण चौकी पर प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने नारेबाजी भी की गई। पूर्व प्रधान एवं निवर्तमान सभासद रणजीत सिंह ने बताया कि विगत 10 दिनों से चुकुटी देवरिया एवं आसपास के क्षेत्र चोरों ने लगातार चोरियों को अंजाम देते हुए लोगों के घरों से कीमती सामान चुरा लिया जा रहा है तथा नलकूपों से मोटर भी उठा ली जा रही है जिसकी लिखित में कई बार शिकायत चौकी लालपुर को दी गई,किंतु कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। जिस वजह से क्षेत्र के लोगों में गुस्सा है। लगातार हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने की मांग की। नागरिकों का कहना था कि चोर सीसीटीवी कैमरे पर भी हाथ साफ कर रहे हैं। जिस वजह से पुलिस को चोरों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करनी ही होगी। उन्होंने बताया कि मदन मोहन शर्मा के घर से लगभग 2 से 3 लाख मूल्य के जेवरात की चोरी किये है, जबकि सरदार परविंदर सिंह के घर से भी लाखों के जेवर चोर चोरी कर ले गए। इसके अलावा संजय फर्त्याल के घर से तीन मोटरें खोलकर चोर ले गए। प्रदर्शन के दौरान चौकी इंचार्ज सुरेंद्र सिंह रिंगवाल मौके पर नहीं थे। सूचना पर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने धरना दे रहे लोगों से वार्ता कर आश्वासन दिया कि चोरी की सभी घटनाओं का 10 दिनों में खुलासा कर दिया जाएगा। जिसके बाद ग्रामीण धरने से उठे।

इस मौके पर भोपाल सिंह रावत, मोहन सिंह भंडारी, राकेश वैष्णव, शिवचरण परिहार, प्रकाश उपाध्याय, माधव सिंह भंडारी, संजय फर्त्याल, मदन मोहन शर्मा, सरदार परविंदर सिंह,सीताराम शिवचरण परिहार, युवक मंगल दल के कार्यकर्ता थे।



# मां नयना देवी मंदिर के दशावतार सभागर में बैठकी होली आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

दंपति टीका के अवसर पर नैनीताल के श्री मां नयना देवी मंदिर स्थित दशावतार सभागार में रविवार को विशेष बैठकी होली का आयोजन किया गया।

इस विशेष मौके पर श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह ने बताया कि पूर्व में यह परम्परा स्वर्गीय के. के. साह द्वारा स्थापित की गई थी जोकि उनके स्वर्गवास के बाद बंद हो गई थी, इसे मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट एवं युगमंच के साथ शहर के वरिष्ठ होल्यारों द्वारा गत वर्ष से पुनः प्रारंभ किया गया है। इस मौके पर वरिष्ठ होल्यार राजेन्द्र लाल साह ने गणपति जग वंदना भव भजन गुण गाउं--- तथा ऊंचे पर्वत पर बस रही--- आदि आध्यात्मिक होली प्रस्तुत की। बैठ होली में सीआरएसटी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ होली गायक मनोज पांडे सहित अजय कुमार, संजय कुमार, युवा होल्यार पारस जोशी, रक्षित साह ने समा बांधा साथ ही नवीन बेगाना व संजय कुमार संजू तथा अमन महाजन ने संगीत दिया। इस अवसर पर युगमंच के अध्यक्ष जहूर आलम, सचिव मनोज कुमार मनु, रंगकर्मी शिक्षक डा. हिमांशु पांडे समेत पंकज साह, प्रदीप साह सहित नैनीताल समाचार के सहयोगी तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नियमितीकरण को 254वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन रविवार को 254वें दिन भी जारी रहा।

इस मौके पर महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ के कर्मचारियों ने होली में भी पौधा रोपण आंदोलन जारी रखा। अब यहां आने वाले हर पर्यटक यात्री को पौधरोपण आंदोलन से जोड़कर उनके माध्यम से पौधारोपण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनका स्लोगन देव भूमि में पर्यटक यात्री बनकर आए और यहां पौधारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम से जुड़ते हुए पर्यावरण मित्र बनकर जाए। इसी क्रम में रविवार को यूपी से से आए हुए पर्यटकों को भी पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ते हुए आवास गृह परिसर में पौधा रोपण किया गया। पर्यटकों ने कहा कि वे देवभूमि उत्तराखंड विशेषकर कुमाऊं में आकर इस महान प्रकृति संरक्षण के कार्य से जुड़कर अपने को सौभाग्यशाली मानते हैं। उन्होंने आवास गृह पिथौरागढ़ की वाटिका की सराहना करते हुए व्यवस्थाओं की भी सराहना की। पौधारोपण करने वालों में बलवीर सिंह, राम सिंह, पूजा, योगिता तथा हेमंत सिंह, हर सिंह, शेर सिंह, पदम सिंह, विजय बोरा व सौरव खोलिया तथा महेश कुमार शामिल रहे।



## NEWS / फटाफट

### रॉंग साइड वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल।** तल्लीताल पुलिस ने मॉलरोड में रॉंग साइड वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार की शाम को टोल के समीप पुलिस ने रॉंग साइड वाहन चलाने वाले 15 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। बता दें कि मॉलरोड में लोगों के रॉंग साइड वाहन चलाने से लोग परेशान हैं। रॉंग साइड वाहन दौड़ाने से कई एक्सीडेंट भी हो चुके हैं जिसके चलते कई बार लोगों ने शिकायत कर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। लगातार कार्रवाई के बाद शुक्रवार की शाम को पुलिस ने तल्लीताल टोल के समीप रॉंग साइड से वाहन दौड़ाने वालों को रोका। साथ ही कार्रवाई भी की। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि शुक्रवार की शाम को अभियान चलाकर रॉंग साइड वाहन दौड़ाने वाले एक चार पहिया वाहन व 15 दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

### नशे में वाहन चलाना पड़ा भारी

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में शराब पीकर बिना दस्तावेज वाहन दौड़ाना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन को सीज कर दिया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम को पुलिस डांठ चौराहे पर चैंकिग कर रही थी। इस दौरान हल्द्वानी की ओर से कार तेज गति में आई तो पुलिस ने वाहन रोक लिया। चालक से वाहन के दस्तावेज मांगे तो उसके पास वाहन के दस्तावेज नहीं मिले। साथ ही वह नशे में भी प्रतीत हुआ। जिस पर पुलिस ने वाहन कब्जे में ले लिया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि तल्लीताल निवासी किशन सिंह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसका वाहन सीज कर लिया गया है।

### दुकान में आग लगने पर हड़कंप मचा

**नैनीताल।** नैनीताल भवाली रोड में कैलाखान क्षेत्र में दुकान में आग लगने पर हड़कंप मच गया। सूचना के बाद पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार देर रात भवाली रोड पर कैलाखान के पास लकड़ी से बनी एक दुकान पर आग लग गई। आग बढ़ी तो राहगीरों ने दमकल को सूचित किया। सूचना के बाद दमकल की टीम घटना स्थल पर पहुंची। घटनास्थल पर दुकान पर धधकती आग पर दमकल की टीम ने फायर टेंडर से पानी की बौछार की। लेकिन तब तक लकड़ी से बनी दुकान परी जल चुकी थी। एलएफएम हरनाम सिंह ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया था। बताया कि कोई जनहानि नहीं हुई। आग बुझाने वालों में दमकल की टीम के अमरदीप सिंह, राजेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह व किशोर सिंह उपस्थित है।

### सेंट जोजफ कॉलेज के पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट कर्नल अनुज के निधन पर शोक



**नैनीताल।** सेंट जोजफ कॉलेज के पूर्व छात्र व सिंध हॉर्स रेजिमेंट के अधिकारी स्वर्गीय लेफ्टिनेंट कर्नल अनुज साह उम्र 45 (वर्ष) का पटियाला में जिम के दौरान हृदयगति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। वे इंडिपेंडेंट रिकॉन्सिसेंस स्क्वाड्रन, पंजाब के कमांडिंग ऑफिसर के रूप में कार्यरत थे। स्व. अनुज साह अपने पीछे परिवार को छोड़ गए हैं। उनका निधन न केवल परिवार के लिए बल्कि नैनीताल व संपूर्ण सेंट जोसेफ्स कॉलेज समुदाय और सैन्य जगत के लिए भी एक अपूरणीय क्षति है। वहीं सेंट जोजफ ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व प्रधानाचार्य, सचिव ने शोक संवेदना व्यक्त की व उनके असामयिक निधन पर गहरा शोक प्रकट किया।

### आज से धेनुमानस गौ कथा का होगा आयोजन

नैनीताल। नैनीताल में धेनुमानस गौ कथा सोमवार (आज) से आयोजित की जाएगी जो 21 मार्च (शुक्रवार) तक जारी रहेगी। बता दें मातृ शक्ति संस्था द्वारा गौ कथा आयोजित कराई जा रही है। डीएसए मैदान मल्लीताल नैनीताल में हर रोज अपराह्न 1 बजे से शाम को 5 बजे कथा की जाएगी। गौ गंगा कृपाकांक्षी गोपाल मणि व आचार्य सीता शरण द्वारा कथा सुनाई जाएगी। सोमवार (आज) को कलश यात्रा ठंडी सड़क स्थित मां पाषाण देवी मंदिर से मल्लीताल स्थित डीएसए मैदान तक निकाली जाएगी। आयोजकों ने कथा सुनने के लिए श्रद्धालुओं से कार्यक्रम स्थल में पहुंचने की अपील की है।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कुमाऊं विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**तैयारी**

- 18 मार्च से आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी
- शोधार्थियों को शोध पत्र प्रेजेंट करने का मौका भी मिलेगा

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग तथा कुमाऊं विवि के विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय द्वारा 18 मार्च (मंगलवार) से मॉडर्न ट्रेंड्स इन डायवर्सिटी ऑफ मेडिसनल प्लांट विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कुविवि व यूकॉस्ट के सहयोग से किया जा रहा है,जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

बता दें कार्यशाला में कुविवि के कुलपति प्रो. दिवान सिंह रावत,निदेशक गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान सुनील नौटियाल के साथ फैलो ऑफ नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज डॉ. एस. एस. सामंत समेत डॉ. इंद्र दत्त भट्ट, प्रोफेसर प्रीति चतुर्वेदी पंतनगर विश्वविद्यालय तथा डॉ. बी .एस. कालाकोटी, प्रोफेसर एस.डी. तिवारी बायोलॉजिस्ट, वैज्ञानिक डॉ. के .एस. कनवाल तथा डॉ. आशीष पांडे के साथ युवा उदीयमान शोधार्थी भी भाग लेंगे। मामले में निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी ने बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यशाला में शोधार्थियों को शोध पत्र प्रेजेंट करने का मौका भी मिलेगा तथा बेहतर प्रेजेंटेशन पर उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा तथा दो दिन औषधीय पौधों पर मंथन भी होगा। प्रो.तिवारी के मुताबिक कार्यशाला की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

# मां के जयकारों से गुंजायमान रहा पूर्णागिरि धाम

चंपावत

हमारे संवाददाता



मां पूर्णागिरि धाम में मेले के दूसरे दिन भी 45 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में शीश नवाया। रात भर धाम में मां के दर्शन के लिए लंबी लाइनें लगतीं रहीं। तीन स्थानों पर बैरिकेडिंग करनी पड़ी। धाम मां के जयकारों से गुंजायमान है।

मंदिर समिति अध्यक्ष किशन तिवारी ने बताया कि 24 घंटे मुख्य मंदिर में दर्शन की व्यवस्था की गई है। दूसरे दिन सुबह से ही काली मंदिर, तिलहर मंदिर के नीचे टेढ़ी पुलिया के पास तीन जगह बैरिकेडिंग कर व्यवस्था बनाई गई। मुख्य मंदिर में काली मंदिर एसओ देवनाथ गोस्वामी टीम के साथ व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। शनिवार की रात पूर्णागिरि मार्ग पर रुक-रुक कर जाम लगता रहा। सभी पार्किंग स्थल वाहनों से पैक रहे। श्रद्धालु होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार वर्मा निवासी अलीगढ़ (यूपी) ने बताया कि इस बार मेले में बेहतर व्यवस्था है लेकिन उनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक होने पर उनको और उनकी पत्नी अल्पना कुलश्रेष्ठ को ढाई घंटे तक लाइन में लगना पड़ा। उन्होंने कहा कि अधिक उम्र के श्रद्धालुओं के लिए अलग से लाइन की व्यवस्था हो तो बेहतर होगा।

मां पूर्णागिरि धाम में उत्तर भारत से वाहनों के साथ ट्रेनों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आने लगे हैं। रविवार सुबह से ही पैसेंजर, मेला स्पेशल और एक्सप्रेस ट्रेनें श्रद्धालुओं से पैक होकर रेलवे स्टेशन पहुंचती रहीं। रेलवे स्टेशन अधीक्षक केडी कापड़ी ने बताया कि सुबह की पैसेंजर ट्रेनों के साथ ही पहले दिन कासगंज से दोपहर 12 बजे टनकपुर पहुंची मेला स्पेशल ट्रेन में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। त्रिवेणी एक्सप्रेस आदि ट्रेनों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। उन्होंने बताया कि रेलवे की ओर से स्टेशन पर श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है। ट्रेन और बसों से टनकपुर तक आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुरानी टंकी के पास से प्राइवेट बस और टैक्सी का संचालन जारी है।

# अभिमत

## दलालों का बोलबाला

*राशन की कुछ दुकानों के आसपास दलाल मौजूद रहते हैं और 18 रुपये प्रति किलो चावल खरीद कर चक्की से पिसाने के बाद आटा 40 रुपये प्रति किलो बेच देते हैं। मुरमुरे बनाने वाले चावल का आटा खरीदते हैं। मीडिया ने जब दलाली के धंधे का खुलासा किया और जिला आपूर्ति अधिकारी से बात की तो राशन की दुकानों का निरीक्षण कर दलालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। सवाल यह है कि जिला आपूर्ति अधिकारी, खाद्य निरीक्षक आदि शिकायत मिलने पर ही जांच की बात क्यों कहते हैं?*

उत्तराखंड में भ्रष्टाचार, रिश्वत, घोटाले के मामले लगातार उजागर हो रहे हैं। सरकार की योजनाएं विफल हो रही हैं। सरकारी राशन की दुकानों से उपभोक्ताओं को मुफ्त मिलने वाला चावल दलालों को बेच देने का खुलासा होने के बाद यह कहना अनुचित नहीं होगा कि राज्य में शासन और प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है। जनप्रतिनिधियों को 'जन' से कोई लेना-देना नहीं है, सिर्फ निजी हित और राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति करते हैं। प्रशासन के कर्ताधर्ता अधिकारी व कर्मचारी बिना लेन-देन के कोई काम करने को तैयार नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के प्रकोप से बचाव के लिए लॉकडाउन लागू किया तो मुफ्त राशन बांटने की योजना शुरू की। कोरोना संक्रमण से निजात के बाद भी गरीबों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। राशन की कुछ दुकानों के आसपास दलाल मौजूद रहते हैं और 18 रुपये प्रति किलो चावल खरीद कर चक्की से पिसाने के बाद आटा 40 रुपये प्रति किलो बेच देते हैं। मुरमुरे बनाने वाले चावल का आटा खरीदते हैं। मीडिया ने जब दलाली के धंधे का खुलासा किया और जिला आपूर्ति अधिकारी से बात की तो राशन की दुकानों का निरीक्षण कर दलालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। सवाल यह है कि जिला आपूर्ति अधिकारी, खाद्य निरीक्षक आदि शिकायत मिलने पर ही जांच की बात कहते हैं, अन्यथा कार्यालय में बैठकर महीना उगाही करते रहते हैं। इसी तरह कच्ची शराब, अवैध शराब, गांजा, चरस, स्मैक आदि मादक पदार्थ की रोकथाम का कार्य आबकारी विभाग का है, परन्तु पुलिस को यह काम करना पड़ता है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस स्मैक और अवैध शराब करीब-करीब रोज पकड़ती है। पकड़े गये मादक पदार्थ आबकारी विभाग के खाते में चले जाते हैं। राशन की दुकान के चावल की दलाली में दलालों से ज्यादा दोष जिला आपूर्ति विभाग का है। राज्य का खाद्य मंत्रालय अकर्मण्यता के लिए जिम्मेदार है। शासन स्तर से संबंधित मंत्रालय, विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। राशन की दुकान के निरीक्षण और दलालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने से काम नहीं चलेगा। सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों को भी सरकारी योजनाओं के बारे में जमीनी स्तर पर जानकारी लेनी चाहिए। जनप्रतिनिधियों का काम सिर्फ दिखावे के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने तक सीमित नहीं है।

# व्यापारियों ने काले कपड़े के साथ धरना दिया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

दो वर्ष पूर्व 17 मार्च 2023 को जी 20 सम्मेलन के नाम पर रोड़वेज के सामने व आसपास के बाजार से उजाड़े गये सैकडों व्यापारियों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में रोडवेज के सामने काला दिवस मनाते हुए काले कपड़े के साथ धरना दिया।

उन्होंने शासन प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि आज से दो वर्ष पूर्व 17 मार्च 2023 को जी 20 सम्मेलन के नाम पर रोड़वेज के सामने व आसपास के बाजार से भारी पुलिस फोर्स के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने पिछले कई दशकों से रोजगार कर रहे दुकानदारों के प्रतिष्ठानों को जेसीबी की मदद से उजाड़ दिया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री सहित कई जनप्रतिनिधियों व भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने आश्वासन दिया था कि उजाड़े गये सभी दुकानदारों को पुर्नवास किया जायेगा। लेकिन आज दो वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रभावित दुकानदारों का पुर्नवास नहीं किया गया।



नगर निगम द्वारा जो वेंडिंग जोन स्थापित किया जा रहा है वहां प्रभावित दुकानदारों से 8 गुणा 11 साईज की दुकान के 6-50 लाख और 10 गुणा 11 साईज की दुकान के 8 लाख रूपये मांगे जा रहे हैं। जिसे किसी भी तरह से उचित नहीं कहा जा सकता है।

मुख्यमंत्री की पुर्नवास घोषणा के अनुसार पुर्नवास की कीमत नहीं वसूली जा सकती है। नगर निगम खुलेआम दुकानदारों का उत्पीड़न करने में जुटा हुआ है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों सें कई दुकानदार रोजगार स्थान के अभाव में आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। उनकी सुनने वाला कोई अधिकारी नहीं है। अब जब वेंडिंग जो दुकानें बन रही हैं तो उनसे लाखों रूपये कीमत वसूलने की तैयारी की जा रही है। जो उचित नहीं है शासन प्रशासन द्वारा प्रभावित दुकानदारों को नि:शुल्क दुकानें आवंटित की जायें और आर्थिक मदद के रूप में उचित मुआवजा भी दिया जाये। ताकि प्रभावित दुकानदार दो वर्षों के बाद अपना रोजगार पुन: स्थापित कर सकें। सभा को अन्य कई वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान सुरेंद्र तनेजा, महामंत्री मनोज छावड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव,आशू ग्रोवर, सिमरपल सिंह, श्याम सुन्दर धींगरा,इन्द्रजीत सिंह, हरविन्दर सिंह, हर्ष रावल, अजय कक्कड़, दीपक धींगरा,अमरजीत सिंह, कमलजीत सिंह, इकबाल सिंह, कंवल सिंह, सुशील बठला, नवीन सिंह, इकराम मियां, रणवीर सिंह, अनिल कक्कड़ आदि दुकानदार मौजूद रहे।

## आज से एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन

**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के समाजशास्त्र विभाग व ट्राई -इंम्पैक्ट गलोबल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार (आज) उत्तराखंड में जलवायु परिवर्तन अनुकूल विषय पर एक दिवसीय महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

कुविवि के डीएसबी परिसर की समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो.ज्योति जोशी व ट्राई इंपैक्ट गलोबल के सीईओ मनोज भट्ट के मुताबिक सम्मेलन का आयोजन सोमवार (आज) सुबह 9.30 बजे से लेकर शाम को 4.30 बजे तक कुमाऊं विवि नैनीताल के यूजीसी-एमएमटीटीसी में किया जाएगा। मुख्य अतिथि कुविवि नैनीताल के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत तथा मुख्य वक्ता दिल्ली विवि के पूर्व कुलपति प्रो.सी.सी.जोशी होंगे। बताया कि सम्मेलन में शिक्षाविद्, सरकारी अधिकारी,गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, स्वयं सहायता समूह तथा शोधार्थी भाग लेंगे, और उत्तराखंड में जलवायु अनुकूल के विविध पहलुओं पर अपने महत्वपूर्ण विचार सांझा करेंगे।

# उत्तराखंड को लेकर जल्द ही कुछ महत्वपूर्ण फैसले लेने जा रही है आप पार्टी: डा. संदीप

**नई दिल्ली/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आम आदमी पार्टी की दिल्ली स्थित आवास पर पार्टी के राज्य सभा सांसद व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ. संदीप पाठक के साथ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एस. एस. कलेर की रविवार को महत्वपूर्ण बैठक हुई।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डा. संदीप पाठक ने कहा पार्टी उत्तराखंड को लेकर जल्द ही कुछ महत्वपूर्ण फैसले लेने जा रही है। राज्य मे पार्टी को गति देने के लिए विशेष रणनीति बनाई जा रही है। निकट भविष्य मे उत्तराखंड में शीर्ष नेताओं के दौरे होना भी सुनिश्चित है।

देवभूमि उत्तराखंड की जनता भाजपा व कॉंग्रेस से त्रस्त हो चुकी है,कॉंग्रेस उत्तराखंड मे मित्र विपक्ष की भूमिका निभा रही है दोनों ही पार्टियों का राज्य की जनता के सरोकारों से कोई संबंध नही रहा है। कहा कि भाजपा के नेता प्रतिदिन उत्तराखंड के आंदोलनकारियों के त्याग का उपहास उडाते नजर आ रहे है। इस मौके पर



पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एस. एस. कलेर ने कहा डा. संदीप पाठक के साथ रविवार को हुई बैठक बहुत ही सकारात्मक रही है। पार्टी उत्तराखंड मे जनहित के आंदोलन व संगठन विस्तार को लेकर जल्द ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है, साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान दे रहे समाजसेवियों को पार्टी की मुख्यधारा में लाकर संगठन मे सम्मान देने के लिए भी रणनीति बनाई गयी है। कहा किपार्टी सभी जनपदों मे कार्यकर्ताओं से संवाद कर स्थानीय मुद्दों को पुरजोर तरिके से उठाने को लेकर चर्चा करेगी। बोले कि वर्तमान में राज्य में आम आदमी पार्टी ही एकमात्र विकल्प है जिस पर जनता व सामाजिक संगठन व सम्मानित आंदोलनकारी विश्वास जता रहे हैए राज्य गठन की 25 वी वर्षगांठ पूर्ण होने को है लेकिन आज भी जनता स्वास्थ्य, शिक्षा तथा रोजगार जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित है। कलेर ने कहा कि हम उत्तराखंड मे जनता को मूलभूत सुविधाऐं प्रदान कर अन्य राज्यों मे वास कर रहे उत्तराखंडियों के रिवर्स पलायन के लिऐ विशेष मॉडल बनायेंगे।

## फिल्मी दुनिया

# धोनी के फिल्म में नजर आने की खबरें सोशल मीडिया पर छा रही



*आरसी 16-राम चरण की आगामी फिल्म में एम एस धोनी के नजर आने की खबरें सोशल मीडिया पर हाल ही में खूब सुर्खियां बटोर रही थीं। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व खिलाड़ी डेविड वार्नर की चर्चा इन दिनों जोरों पर है। वह जल्द ही बड़े पर्दे पर नितिन की फिल्म रॉबिनहुड में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वह विशिष्ट भूमिका में दिखेंगे। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में अच्छी-खासी उत्सुकता है। वहीं, वार्नर की मौजूदगी ने फिल्म को और खास बना दिया है। दूसरी तरफ, भारत के महान कप्तानों में से एक एमएस धोनी के फिल्मी डेब्यू की अटकलें भी सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। हाल ही में कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि धोनी, राम चरण की अगली फिल्म आरसी 16 में कैमियो रोल करने जा रहे हैं। इन खबरों में कहा गया था कि बूची बाबू सना के निर्देशन में बन रही इस फिल्म धोनी अभिनेता राम चरण के कोच की भूमिका में दिखेंगे। हालांकि, 123 तेलुगु की खबर के मुताबिक अब पता चला है कि ये सारी बातें महज अफवाह थीं। फिल्म में कोच का किरदार तो है, लेकिन उसे एमएस धोनी नहीं निभा रहे हैं।*

## फिल्म में ये सितारे भी हैं

*आरसी 16 में राम चरण के साथ लीड रोल में जाह्नवी कपूर नजर आएंगी। फिल्म के गाने मशहूर संगीतकार एआर रहमान तैयार कर रहे हैं। इसके अलावा, इसमें मिर्जापुर फेम दिव्येंदु, शिव राजकुमार और जगपति बाबू जैसे सितारे भी अहम किरदारों में दिखेंगे। फिल्म को वृद्धि सिनेमाज के वेंकट सतीश किलारू प्रोड्यूस कर रहे हैं।*

# होली पर नहाने गए किशोर का शव तीसरे दिन नदी से मिला

**गूलरभोज**

**हमारे संवाददाता**

होली के दिन बौर नदी में डूबे किशोर का शव तीसरे दिन बचाव राहत दल ने बरामद किया। शुक्रवार को बेरिया के समीप बांसखेड़ा गांव की मजदूर सुनीता देवी का बेटा पुष्पेंद्र सैनी (14) अपने साथियों यशपाल और अजय के साथ होली खेलने के बाद बौर जलाशय के स्पिलवे से निकली नदी में नहाने गया था।

डुबकी लगाने के बाद वह पानी से बाहर नहीं आया। रविवार को 31वीं बटालियन की ई-कंपनी, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद उसका शव बरामद कर लिया। पुष्पेंद्र के पिता का दो साल पहले निधन हो गया है। मां सुनीता मजदूरी कर वह घर का खर्च उठा रही है। तीन संतानों में बड़ी बेटी नेहा (18 वर्ष) दिव्यांग है। मृतक पुष्पेंद्र दूसरे नंबर का था। वह सातवीं में पढ़ाई साथ ही सैलून पर काम भी सीख रहा था। छोटा बेटा गौतम आठ साल का है। मां सुनीता का रो-रोकर बुरा हाल है। 31वीं बटालियन की ई-कंपनी के अनिल कुमार ने बताया कि पुष्पेंद्र ने जान बचाने को नदी की तलहटी की झाड़ को पकड़ लिया था। इससे उसका शव नदी की तलहटी में बैठ गया। उसके हाथ में नदी की झाड़ियां थीं।

लगातार मोटर बोर्ड की चलने से बनीं लहरों से झाड़ी उखड़ी, जिससे शव ऊपर आने में मदद मिली। संभावना यही है कि जान बचाने के चक्कर में वह जान गवां बैठा। पुष्पेंद्र का शव बरामद होने पर चौकी प्रभारी विजेंद्र कुमार जैसे ही पंचनामा भरने लगे तो ग्रामीणों ने विरोध किया। लोगों का कहना था कि वह पोस्टमार्टम नहीं करना चाहते। चौकी प्रभारी के काफी देर समझाने के बाद वह लोग राजी हुए।

## News कॉर्नर

### 22 को होगा शीतलाष्टमी पर्व का आयोजन

**हल्द्वानी।** माँ शीतला मंदिर रानीबाग में आने वाली 22 मार्च दिन शनिवार को शीतलाष्टमी पर्व का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर कमेटी अध्यक्ष सचिन साह ने बताया की शीताष्टमी पर्व जिसे बसौड़ा के नाम से भी जाना जाता है, चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है, और यह शीतला माता को समर्पित है, जो रोगों से सुरक्षा प्रदान करती हैं. सचिन साह ने बताया की शीतलाष्टमी पर्व की तैयारी जोरो में चल रही है जिस के निमित 18मार्च को प्रात: 9बजे माँ गार्गी के तट से माँ शीतला मंदिर तक कलश यात्रा का आयोजन किया जा रहा हैद्य जिस के उपरांत 11:30 बजे से शतचंडी महायज्ञ का आयोजन पंडित मनोज पांडे जी एवं 11 ब्राह्मणों द्वारा प्रारम्भ होगा,जो दिनाक 22 मार्च (शनिवार)शीतलाष्मी पर्व तक चलेगा जिसका पारायण 22 मार्च को भजनों एवं भंडारे के साथ होगा।

### मोटर मार्ग निर्माण को ग्रामीणों ने दिया धरना

**चिन्यालीसौड़।** गड़ बगासू खोपच्या पाणी क्षेत्र के ग्रामीणों ने मोटर मार्ग निर्माण की मांग को लेकर धरना दिया। कहा कि जल्द ही मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शुरू नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। साथ ही उन्हें आज भी सामान पीठ पर या घोड़े-खच्चरों से लादकर गांव तक पहुंचाना पड़ता है। रविवार को राजेंद्र रांगड़ के नेतृत्व में ग्रामीण गड़ तोक पर एकत्रित हुए। वहां उन्होंने लोनिवि खंड के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर धरना दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सड़क नहीं होने के कारण उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कहा कि लंबे समय से ग्रामीण दशगी टिपरी से पनियारखाला होते हुए गड़ बगासू खोपच्चयापाणी बदाल्ड गांव तक मोटर मार्ग निर्माण की मांग कर रहा है, लेकिन लोनिवि के अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है।

# रामलीला मैदान में होली मिलन एवं संगीत संध्या का भव्य आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

श्री अग्रवाल सभा हल्द्वानी के तत्वावधान में रामलीला मैदान में होली मिलन एवं संगीत संध्या का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें नगर की विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। मुख्य रूप से एक्स डांस स्टूडियो, मां सरस्वती कला केंद्र, नृत्यालय सुजाता महेश्वरी, नुपुर कला केंद्र, राजमणि डांस अकादमी, रिदम डांस ग्रुप के बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखकर नगरवासियों ने उनकी सराहना की और तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का उद्घाटन अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग, नैनीताल



लोकसभा सांसद अजय भट्ट, हल्द्वानी महापौर गजराज बिष्ट द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया गया। सांसद अजय भट्ट ने अग्रवाल सभा के इस आयोजन की सराहना की और कार्यक्रम में प्रतिभागी बच्चों को गिफ्ट देकर उनका सम्मान किया। महापौर गजराज बिष्ट ने कहा कि होली का यह कार्यक्रम आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ाता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नीरज प्रभात गर्ग ने की। जबकि कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने अग्रवाल सभा के 30 वर्षों से निरंतर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित करने की सराहना की और इसे एक रिकॉर्ड बताया। कार्यक्रम का संचालन अग्रवाल सभा के कार्यक्रम संयोजक राजीव कुमार अग्रवाल और आशुतोष अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु किए गए कार्यों के लिए डॉ. आशुतोष पंत को अग्रवाल सभा द्वारा सम्मानित किया गया, जिन्होंने 20,000 पेड़ लगाए हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अग्रवाल सभा के संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, सुशील कुमार अग्रवाल, राकेश गर्ग, पार्षद राजेंद्र कुमार अग्रवाल, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला मंत्री विनीत अग्रवाल, पूर्व दर्जा मंत्री तरुण बंसल, अग्रवाल सभा के कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, महामंत्री मनोज अग्रवाल, मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कुमार कपूर, और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# किराएदारों का सत्यापन न कराने पर कई के खिलाफ की चालानी कार्रवाई

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

बिना सत्यापन के किराएदार या घरेलू नौकर रखने वाले मकान मालिकों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया। चैकिंग के दौरान कई मकान मालिकों के यहां बिना सत्यापन के किराएदार मिलने पर पुलिस ने चालान की कार्रवाई की।

इसके साथ ही पुलिस ने चेतावनी दी है कि किसी भी मकान मालिक ने सत्यापन के बगैर किराएदार या घरेलू नौकर रखा तो कड़ी कार्रवाई होगी। जनपद के थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने क्षेत्र की कई कालोनी में किराएदारों और घरेलू नौकरों का सत्यापन अभियान चलाया। पुलिस ने इस अभियान के दौरान वार्ड नंबर 2 नेताजी सुभाष नगर में में किराएदार/घरेलू नौकरों का सत्यापन किया।

पुलिस को कई घरों में बिना सत्यापन के किराएदार/घरेलू नौकर मिले। एसआई महेश कांडपाल ने बताया कि 6 मकान मालिकों के



खिलाफ धारा 83 पुलिस एक्ट में चालान की कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान 150 से अधिक लोगों का सत्यापन किया गया। उन्होंने बताया कि मकान मालिकों को चेतावनी दी गई है कि पुलिस सत्यापन के बगैर किराएदार या घरेलू नौकर रखने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि जनपद में एसएसपी के निर्देश पर किराएदारों का सत्यापन अभियान सभी थानों में चलाया जाता है।

**चेतावनी**

- बिना सत्यापन के किराएदार या घरेलू नौकर रखने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

# पर्वतीय क्षेत्र में भारी ओलावृष्टि से फसल बर्बाद

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

सोमेश्वर में रविवार को हुई ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत को बर्बाद किया। किसानों के खेतों में उगी सब्जियां, फल, फूल ओलावृष्टि की भेंट चढ़ गए। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

रविवार को सोमेश्वर के अजुनराठ, भानाराठ, नारतोली सहित अन्य क्षेत्रों में बारिश और भारी ओलावृष्टि के चलते किसानों की महीनों की मेहनत बर्बाद हो गई है। भारानाठ निवासी कुंदन सिंह ने कहा कि ओलावृष्टि से उनकी पूरी फसल नष्ट हो गई। उनके लिए अब संकट पैदा हो गया है। कहा कि किसान पूरी मेहनत और पूंजी लगा कर फसलें उगाते हैं लेकिन कभी सूखा तो कभी ओलावृष्टि के कारण किसानों के सामने अपनी फसलें बचाने और भविष्य में खेती करने को लेकर गंभीर चुनौती है।

कहा कि प्रशासन और कृषि विभाग के मुताबिक किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए जल्द उचित कदम उठाए जाएंगे ताकि किसानों को राहत पहुंच सके।



# प्रेस क्लब हल्द्वानी में खेली गई फूलों की होली

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

प्रेस क्लब हल्द्वानी द्वारा होली पर्व के मौके पर फूलों की होली का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर राजनीति, प्रशासनिक, सामाजिक एवं पत्रकारिता का अनोखा संगम देखने को मिला और सभी होली के रंग में रंग गये और एक दूसरे को बधाई दी।

इस मौके पर महापौर गजराज बिष्ट ने सभी को होली की शुभकामनायें दी और कहाँ की होली आपसी सदभाव को बढ़ाने वाला पर्व है और सभी को मिलजुल कर होली खेलकर आपसी सदभाव को बढ़ाना चाहिये। विधायक सुमित हृदयेश, मोहन बिष्ट ने सभी को होली की शुभकामनायें दी। प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय तलवाड़ ने सभी को होली की बधाई देते हुये कहा कि प्रेस क्लब द्वारा प्रतिवर्ष होली कार्यक्रम के माध्यम से समाज के सभी लोगों को एकजुट कर सामाजिक सदभाव का सन्देश देने का प्रयास करता है। इस मौके पर प्रभाकर जोशी ग्रुप द्वारा होली के गीतों से पुरा माहौल होली के रंग में रंग दिया। जया जोशी ग्रुप द्वारा होली की संगीतमय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फूलों की होली और राधा कृष्ण की होली रहें और सभी ने होली का जमकर आनंद लिया।

प्रेस क्लब मुख्य संरक्षक कैलाश जोशी, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जोशी, महामंत्री रवि दुर्गापाल ने सभी अतिथियों को होली की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में सिटी मजिस्ट्रेट ए पी वाजपेयी, उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा, जिला सूचना अधिकारी गिरिजा शंकर जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट,प्रकाश हरबोला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका जीना, व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, राजीव जायसवाल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर खुराना,काजल खत्री आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें। कार्यक्रम में प्रेस क्लब टीम के सुनील तलवाड़,अजय चौहान, अनुराग वर्मा, सुशील शर्मा, दीपक भंडारी, शहबाज, सलीम खान, दलीप गड़िया, प्रवीण चोपडा, नीरु भल्ला, वरिष्ठ पत्रकार गौरव गुप्ता, कमल सुयाल आदि का सहयोग रहा। इस मौके पर समाज में अच्छा कार्य करने वाले कार्यकर्ताओ को सम्मानित किया।



### अल्मोड़ा के जैखाल गांव में एक मकान में लगी आग

**अल्मोड़ा।** जिले के जैखाल गांव में बीती देर रात एक मकान में भीषण आग लग गई। हवा के तेज झोंकों के कारण आग तेजी से फैलकर पूरी बाखली को खतरे में डाल गई। इस घटना में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर खाक हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घर के भीतर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में आग का कारण विद्युत शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# युवकों ने एक घर पर बोला हमला, मारपीट की

काशीपुर

हमारे संवाददाता

एक व्यक्ति ने युवक और उसके 15-16 साथियों पर उसके घर में घुसकर उसके और उसकी दो बेटियों के साथ मारपीट व घर में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक व उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मोहल्ला सिंघान निवासी मुकेश शर्मा ने पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि 14 मार्च की रात लगभग 12 बजे मोहल्ला सिंघान निवासी गौरव शर्मा उसे गाली देने लगा और फोन करके अपने ससुर और 15-16 अज्ञात लड़कों का बुला लिया। हमलावर लोग उसके घर में घुस आए और आते ही घर में घुसकर तोड़फोड़ मचा दी।

उसकी दो बेटियों के साथ बदतमीजी व मारपीट की। जिसमें उसकी छोटी बेटी की हालत गंभीर हो गई, जिसका सरकारी अस्पताल में इलाज कराया। पीड़ित ने बताया कि शोर शराबा सुनकर मोहल्ले के लोग एकत्र हुए तो हमलावरों ने उनके साथ भी गालीगलौच की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस में तहरीर सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही कहा कि घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गौरव शर्मा व अज्ञात युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महिला से छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करने के विरोध पर मारपीट की

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र संजय नगर खेड़ा में होली के दौरान पति के सामने कुछ लोगों ने महिला से छेड़छाड़ करते हुए अश्लील हरकतें की। विरोध करने पर पति सहित परिवार के अन्य लोगों को बुरी तरह पीट दिया।

आरोप है कि बाद में दबंगों ने महिला के साथ अश्लील हरकतें करते हुए उसे अगवा करने का भी प्रयास किया। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर आक्रोशित महिलाएं थाने पहुंच विरोध जताया। महिलाओं के साथ थाने पहुंची संजय नगर खेड़ा निवासी पीड़िता ने तहरीर में बताया कि 14मार्च को दोपहर करीब तीन बजे वह अपने पति के



साथ होली खेलकर घर पर वापस आ रही थी।

घर के निकट मोहल्ले के ही कुछ युवकों ने पति के सामने उसे पकड़ लिया और बदसलूकी करने लगे। पति ने विरोध किया तो उक्त लोगों ने जमीन पर गिराकर लात-घूंसो, डण्डों से मारापीटा। हमले में पति को गम्भीर चोटें आयी है। इसी दौरान बीच बचाव के लिये भाई और भतीजा आया तो इन्हें भी हमलावरों ने बुरी तरह लात घूंसो से पीट दिया। रंजीत के सिर पर ईंट से वार किया गया, जिससे उसका सिर फट गया जबकि मानिक के गाल पर दांतो से काट लिया। पीड़िता ने बताया कि हमलावरोन अगले दिन 15 मार्च को रात्रि करीब 9:30 बजे जब वह सरकारी नल पर पानी भरने के लिये जा रही थी तभी दो युवकों ने उसे गलत नीयत से पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करते हुए जबरन उठाकर ले जाने लगे।

मौके पर मौजूद महिलाओं ने उसे बचाया। आरोप है कि हमलावर लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, जिससे परिवार दहशत में हैं। थाने पहुंची महिलाओं ने पुलिस से मामले में कानूनी कार्रवाई करते हुए हमलावरों को सबक सिखाने की मांग की। इधर इंस्पेक्टर मोहन चंद पांडे ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।